# भगोरिया को राजकीय पर्व का दर्जा देकर गरिमा बढ़ाई

## सीएम ने जुलवानिया में भगोरिया उत्सव को संबोधित करते हुए कहा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 2 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगोरिया केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ आनंद में झूमने का पर्व है. पर्व में महिला और पुरुष समान रूप से कदम से कदम मिलाकर नृत्य करते हैं और पारंपरिक वेशभूषा में लोक संस्कृति की अद्भुत छटा बिखेरते हैं.**

ताड़ी जैसे पारंपरिक पेय का आनंद भी इस उत्सव का हिस्सा है. जनजातीय संस्कृति की अपनी विशिष्ट पहचान और महत्व है. इसी परंपरा को संरक्षित करने के लिये राज्य सरकार ने इस पर्व को राजकीय पर्व का दर्जा देकर इसकी गरिमा को और बढ़ाया गया है.

यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बड़वानी जिले के जुलवानिया में भगोरिया उत्सव में कही. बड़वानी के जुलवानिया में भगोरिया हाट में उस समय उल्लास और उमंग का अनूठा दृश्य देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनजातीय बंधुओं के भगोरिया उत्सव में शामिल हुए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन से पूरा हाट परिसर उत्साह, रंग और पारंपरिक उल्लास से सराबोर हो गया. जनजातीय संस्कृति की जीवंत छटा से सजे इस पारंपरिक पर्व में मांदल की गूंजती थाप, पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित नर्तक-नर्तकियों की मनमोहक प्रस्तुतियां तथा गुलाल से रंगीन वातावरण ने भगोरिया को और भी आकर्षक बना दिया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय कलाकारों के साथ मांदल की थाप पर कदम मिलाकर उनकी कला और परंपराओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निमाड़ क्षेत्र अपनी सांस्कृतिक समृद्धि, उत्सवधर्मिता और जीवन के प्रति आनंदमयी दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध है. यहां प्रत्येक मौसम के अनुरूप त्यौहारों की परंपरा रही है, जिससे जीवन में उल्लास और सामूहिकता बनी रहे. पूर्वजों द्वारा स्थापित यह आनंदमयी परंपरा आज भी जीवंत है.



मांदल की थाप पर थिरके

### बड़वानी में होगी आधुनिक सब्जी मंडी की स्थापना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बड़वानी जिले में उद्यानिकी फसलों का रकबा अधिक है. इसके विस्तार के लिये कोल्ड स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग इकाइयों के साथ आधुनिक सब्जी मंडी की स्थापना की जाएगी. जनजातीय बहुल क्षेत्रों के लिए पानसेमल एवं वरला माइक्रो सिंचाई उद्वहन परियोजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है. इन परियोजनाओं से हजारों हैक्टेयर भूमि को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलेगी और जनजातीय किसानों को सीधा लाभ होगा.

## पेज एक का शेष

**कृषि कैबिनेट : होली से पहले किसानों को सतरंगी सौगात**

राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन में1150 करोड़ रूपये खर्च होंगे : कैबिनेट ने राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन को आगामी 5 वर्षों तक निरंतर रखने के लिए 1150 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी. इस योजना में कृषि क्षेत्र में दक्षता की वृद्धि, विभिन्न कृषि घटकों के प्रभाव वृद्धि, दोहराव से बचाव संबंधी कार्य किये जायेंगे. इसी तरह सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना को आगामी 5 वर्षों तक निरंतरता के लिए 1,375 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है. इस योजना में केन्द्र एवं राज्य सरकार की भागीदारी से, मौजूदा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करणीय उद्योगों के उन्नयन तथा नवीन खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना की जायेगी. इसी क्रम में उद्यानिकी के क्षेत्र में पौधशाला उद्यान में रोपणियों में पौध तैयार करने और उच्च गुणवत्ता की पौध एवं बीज, रियायती दरों पर उपलब्ध कराए जाने के लिए अगले वर्ष 2031 तक के लिए 1739 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है. कैबिनेट ने किसान कल्याण एवं कृषि विकास की 500 करोड़ से कम वित्तीय आकार की 20 परियोजनाओं को आगामी 5 वर्षों तक के लिए निरंतर जारी रखने जाने की स्वीकृति दी है. इसके लिए 3 हजार 502 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी प्रदान की गई है.

**20 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार :** कैबिनेट ने मप्र एकीकृत मत्स्यद्योग नीति-2026 को मंजूरी दी है, इसमें अगले 3 वर्षों तक रुपये 3 हजार करोड़ का निवेश होगा, वहीं लगभग 20 हजार रोजगार लोगों को रोजगार मिल सकेगा, इनमें 10 हजार प्रत्यक्ष एवं 10 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार शामिल है. इस नीति में 18 करोड़ 50 लाख रूपये के बजट प्रावधान की स्वीकृति दी गई. इसमें केज कल्चर को आधुनिक स्वरुप में बढ़ावा देते हुए लगभग एक लाख केज स्थापित किये जायेंगे. इस नीति में मछली पालन संबंधी गतिविधि के साथ ईको-टूरिज्म एवं ग्रीन एनर्जी को शामिल करते हुये बहुउद्देशीय आजीविका मॉडल के रुप में कार्य होगा. कैबिनेट ने मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना को आगामी 2 वर्ष, वर्ष 2026-27 और वर्ष 2027-28 तक बरकरार रखेन का निर्णय भी लिया है, इस पर 200 करोड़ रूपये खर्च होंगे.


**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**

पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003

फोन : +91 755 4027100, 2774340/42, वेब. : www.mpstdc.com

क्रमांक 79/यांत्रिकी/पविनि/26 — दिनांक : 02.03.2026

**निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | नि.सू. क्र./सिस्टम आई.डी./कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि रु. लाख में |
|---|---|---|
| 1. | 103/2026_STDC_486841_1/ लता मंगेशगर म्यूजिक कॉलेज इंदौर में बाहरी विद्युतीकरण, एयर कंडिशनिंग, ई.एल.व्ही. एवं कैम्पस इल्युमिनेशन एवं फसाड लाइटिंग के कार्य। (कार्यपूर्णता का समय 13 माह) | 300.17 |
| 2. | 104/2026_STDC_486843_1/ जिला इंदौर स्थित लाल बाग पैलेस गार्डन में बाहरी विद्युतीकरण, कैम्पस इलुमिनेशन एवं ई.एल.व्ही. के कार्य। (कार्यपूर्णता का समय 09 माह) | 279.00 |
| 3. | 105/2026_STDC_486845_1/ स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट इंदौर में सोलर पैनल स्थापित करने का कार्य। (कार्यपूर्णता का समय 06 माह) | 45.58 |
| 4. | 106/2026_STDC_486846_1/ भोपाल स्थित विभिन्न पुरातात्विक प्रवेश द्वारों पर फसाड इल्युमिनेशन के कार्य। (कार्यपूर्णता का समय 02 माह) | 32.27 |
| 5. | 107/2026_STDC_486847_1/ स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट इंदौर में बाहरी विद्युतीकरण के कार्य। (कार्यपूर्णता का समय 03 माह) | 19.90 |
| 6. | 108/2026_STDC_486848_1/ श्री देव नारायण मंदिर, दैव डुंगरी चंदवासा देव जिला मंदसौर में विद्युतीकरण, इल्युमिनेशन एवं फसाड लाइटिंग के कार्य। (कार्यपूर्णता का समय 02 माह) | 19.90 |

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 23.03.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर दिनांक 05.03.2026 से देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/124728/2026 — **कार्यपालन यंत्री**


# मनमानी वसूली होगी बंद, नए पार्किंग होंगे चालू

- श्रद्धालुओं की सुविधा पर प्रशासन का फोकस
- अपर मुख्य सचिव संजय दुबे पहुंचे उज्जैन
- धर्म बड़ला और चांदमुख गंगेड़ी में गाड़ियां होंगी पार्क

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन. महाकाल की नगरी में आने वाले महाकुंभ को लेकर श्रद्धालुओं से मनमानी वसूली नहीं होगी, व्यवस्थित पार्किंग बनाए जाएंगे. इसके लिए नए स्थान भी चिन्हित किया जा रहे हैं और खाने पीने की वस्तुओं के दाम भी पहले से तय होंगे ताकि कुंभ में लूट खसोट ना हो.**

सिंहस्थ 2028 को लेकर महाकाल की नगरी उज्जैन में विकास कार्यों की रफ्तार तेज होती जा रही है. मध्य प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे सोमवार को उज्जैन पहुंचे. कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने महाकुंभ के मद्देनजर की जा रही तैयारी से उन्हें अवगत कराया.

**दीर्घकालिक विकास का अवसर**-नवभारत से चर्चा में पीएस संजय दुबे ने बताया कि सिंहस्थ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि उज्जैन के दीर्घकालीन विकास का अवसर है और हर कार्य गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध होना चाहिए.

**आवाजाही में सुगमता**-बड़नगर मार्ग पर उजड़खेड़ा हनुमान मंदिर के समीप निर्माणाधीन सड़क बनाई जा रही है, यह मार्ग आगे भूखी माता मंदिर और कार्तिक मेला ग्राउंड को जोड़ेगा, जिससे सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही सुगम होगी.

**सड़क किनारे लगेंगे वृक्ष**-सिंहस्थ के दौरान बाहर से आने वाले यात्रियों को धूप और गर्मी से राहत मिले, इसके लिए सड़क किनारे छायादार वृक्ष भी लगेंगे. साथ ही मार्ग चौड़ा और सुव्यवस्थित बनेगा. इससे बड़े वाहनों और बसों की आवाजाही में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी.

**दिशा सूचक बोर्ड लगाएंगे**-कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मुताबिक सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए शहर के प्रमुख मार्गों और पार्किंग स्थलों पर पहले से ही दिशा-सूचक साइन बोर्ड लगाए जाएंगे, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो. उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि उज्जैन आने वाला हर यात्री सुव्यवस्थित, सुरक्षित और श्रद्धामय वातावरण का अनुभव करे.



### लेवल एक से तीन

इस क्षेत्र में बहुस्तरीय पार्किंग विकसित की जा रही है। पार्किंग लेवल वन, लेवल टू और लेवल थ्री के रूप में तैयार होगी, ताकि वाहनों की संख्या के अनुसार व्यवस्था में लचीलापन रखा जा सके. यहां बाहर से आने वाले निजी वाहनों को व्यवस्थित रूप से पार्क कराया जाएगा और श्रद्धालुओं को आगे के प्रमुख स्थलों तक ले जाने के लिए बसों की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. इससे शहर के भीतर यातायात का दबाव कम होगा और श्रद्धालुओं को भी सहज अनुभव मिलेगा.

### नि :शुल्क भोजन स्टॉल

धर्मबड़ला क्षेत्र के समीप प्रस्तावित पार्किंग स्थल का पर भी सचिव पहुंचे, यहां ग्रीन फील्ड पार्किंग विकसित की जाएगी, जो बड़े पैमाने पर वाहनों को समायोजित करने में सक्षम होगी. पार्किंग क्षेत्र के आसपास खान-पान की समुचित व्यवस्था बनाई जाएगी, पर्याप्त संख्या में रेस्टोरेंट, भोजन स्टॉल और दुकानों के लिए स्थान चिन्हित किए जाएंगे, साथ ही सामाजिक संस्थाओं द्वारा लगाए जाने वाले नि:शुल्क भोजन स्टॉल के लिए भी अलग से जगह आरक्षित रखी जाएगी, ताकि सेवा कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें.

### मनमानी वसूली नहीं होगी

अपर मुख्य सचिव ने संजय दुबे के उज्जैन आने से यह स्पष्ट हो गया है कि सिंहस्थ में आए श्रद्धालुओं से किसी भी प्रकार की मनमानी वसूली नहीं होगी, पार्किंग में सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. बर्दाश्त नहीं की जाएगी. खाने-पीने की वस्तुओं की दरें पूर्व निर्धारित रखी जाएगी. बकौल पीएस भगवान महाकाल की नगरी में श्रद्धालु आस्था लेकर आते हैं, इसलिए उनके साथ पारदर्शी और सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए. सिंहस्थ 2028 के बहाने जो आधारभूत ढांचा तैयार होगा, वह आने वाले वर्षों में उज्जैन के स्थायी विकास का आधार बनेगा.




# संध्या आरती में महाकाल को लगाया गुलाल

- फिर प्रांगण में जलाई गई सबसे पहले होली

**उज्जैन.** होली पर्व के अवसर पर महाकाल मंदिर में सोमवार की शाम हुई संध्या आरती में भगवान को परंपरागत रूप से श्रृंगार करने के पश्चात पुजारियों ने शक्कर की माला अर्पित की. इसके बाद हर्बल गुलाल लगाकर होली खेलकर पर्व मनाया गया. संध्या आरती के पश्चात मंदिर प्रांगण में सजी होली का पूजन व आरती की गई तथा सबसे पहले होली का दहन किया गया.

महाकाल मंदिर के पुजारी आशीष गुरु ने बताया कि देश में सबसे पहले होली उज्जैन के महाकाल मंदिर में जलाने की परंपरा है. इसका पुजारियों ने मंदिर में निर्वहन करते हुए उत्साह व उमंग के साथ पर्व मनाया. मंदिर में बाहर से किसी भी प्रकार के रंग-गुलाल लाकर उपयोग करने पर मंदिर प्रशासन ने पहले से प्रतिबंध लगा रखा है. इसको ध्यान में रखते हुए गर्भगृह में भी भगवान को चढ़ाने के लिए एक किलो हर्बल गुलाल मंदिर समिति ने ही पुजारियों को उपलब्ध कराई. सुरक्षा कारणों के चलते इस बार आम श्रद्धालुओं को होलिका दहन स्थल के पास जाने की अनुमति नहीं दी गई. मंदिर में पूर्व में हुई आग की घटना को देखते हुए प्रशासन ने विशेष सावधानी बरती. होलिका दहन के दौरान केवल मंदिर के पंडे-पुजारी, समिति के अधिकारी व उज्जैन जिला व पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. होली जलने के साथ ही चैत्र मास की शुरुआत होते ही मंदिर में आरतियों का समय भी बदल जाएगा. साल में दो बार भगवान की दिनचर्या में बदलाव होता है.



### आज धुलेंडी पर भी भस्मारती में भगवान को गुलाल अर्पित होगा

महाकाल मंदिर में मंगलवार को धुलेंडी पर्व पर तड़के 4 बजे होने वाली भस्मारती में भी सबसे पहले भगवान महाकाल को गुलाल लगाया जाएगा. इसके बाद भांग और चंदन से विशेष श्रृंगार किया जाएगा. इसके साथ ही नगर में होली पर रंग-गुलाल का पर्व शुरू हो जाएगा.

## टीआई को अपराधी के साथ जन्मदिन मनाना पड़ा भारी, निलंबित

**मुरैना 02 मार्च.** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के जौरा थाना प्रभारी को अपने जन्मदिन पर एक शातिर अपराधी के साथ नाच-गाना करना महंगा पड़ गया. वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर लाइन अटैच करने के आदेश जारी कर दिए. जानकारी के अनुसार जौरा थाना प्रभारी दर्शन लाल शुक्ला का 28 फरवरी को जन्मदिन था. जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने थाना परिसर में एक पार्टी का आयोजन किया, जिसमें केक काटा गया. इसी दौरान मुरैना कोतवाली थाने का हिस्ट्रीशीटर और शातिर बाइक चोर लवकुश शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल हुआ.


**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई- निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु IREPS पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **निविदा संख्या: EL/TRD/58/2025-26, दिनांक: 26.02.2026. कार्य का नाम:** Replacement of old contact wire with silver-brazed joints and contact wire containing the maximum number of splices, along with replacement of isolators having low current-carrying capacity over Ratlam Division. **अनुमानित लागत:** रु. 1,62,14,164.75. **बयाना राशि:** रु. 2,31,100/-. **समापन अवधि:** 18 Months. **निविदा दस्तावेज़ की राशि:** Nil. **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय:** 27.03.2026 at 15:00 hrs. **ऑफर की वैधता:** 60 days from the date of opening. **वेबसाइट: www.ireps.gov.in नोटिस बोर्ड:** वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने। **AK/13/1/486**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly



**जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर**

क्रमांक/एफ./जे.यू./स्टोर/2026/906 — दिनांक : 28.02.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

जीवाजी विश्वविद्यालय में उपकरण/सामग्री क्रय करने हेतु अधिकृत विक्रेता अथवा निर्माता से **https://mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | उपकरण/सामग्री | निविदा की अनुमानित लागत | ऑनलाइन धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_JIWAJ_486465_1 | स्टेशनरी क्रय | 25,00,000/- | 75,000/- | 5,000/- |
| 2. | 2026_JIWAJ_486466_1 | सफाई सामग्री क्रय | 10,00,000/- | 30,000/- | 2,000/- |
| 3. | 2026_JIWAJ_486467_1 | लाइट कार्य | 20,00,000/- | 60,000/- | 2,000/- |
| 4. | 2026_JIWAJ_486468_1 | केटरिंग सेवायें | 80,00,000/- | 2,40,000/- | 10,000/- |
| 5. | 2026_JIWAJ_486469_1 | सामान्य मुद्रण कार्य (मय कागज सहित) | 20,00,000/- | 60,000/- | 2,000/- |
| 6. | 2026_JIWAJ_486470_1 | टेन्ट एवं डेकोरेशन कार्य | 40,00,000/- | 1,20,000/- | 5,000/- |
| 7. | 2026_JIWAJ_486471_1 | बाइंडिंग कार्य | 15,00,000/- | 45,000/- | 2,000/- |
| 8. | 2026_JIWAJ_486472_1 | रसायन, ग्लासवेयर, प्लास्टिक वेयर एवं अन्य क्लास वर्क मटेरियल | 50,00,000/- | 1,50,000/- | 5,000/- |

निविदा प्रपत्र एवं निविदा की समस्त शर्तों का अवलोकन विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.jiwaji.edu** पर भी किया जा सकता है।

1. ऑनलाइन निविदा क्रय करने की प्रारम्भ **दिनांक 06.03.2026 11:00 AM तक**
2. ऑनलाइन निविदा क्रय करने एवं जमा करने की **अंतिम दिनांक 26.03.2026 5:00 PM तक**
3. ऑनलाइन टेन्डर (प्राइज बिड) खोलने की **दिनांक 30.03.2026 11:00 AM तक**
4. निविदा की शेष तिथियां सम्पूर्ण जानकारी, शर्तें एवं समस्त संशोधन केवल उपरोक्त दर्शाई गई वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं इस हेतु अलग से कोई विज्ञापन/समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।
5. कार्य/सामग्री की मात्रा कम/ज्यादा भी हो सकती है।
6. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्तीकरण या संशोधन के अधिकार कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के पास रहेंगे।

म.प्र. माध्यम/124712/2026 — **कुलसचिव**



**मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल**

R-23, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल

Website : https://labour.mp.gov.in/Default.aspx

फोन : 0755-2552663, फैक्स: 0755-2552662

ई-मेल: bocboard@mp.gov.in

**अधिवक्ताओं/कानून विशेषज्ञों का पैनल गठित किये जाने के संबंध में सूचना**

श्रम विभाग, म.प्र. शासन अंतर्गत गठित मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा अनुभवी अधिवक्ताओं/कानून विशेषज्ञों का पैनल गठित किये जाने हेतु पात्र अधिवक्ताओं से **दिनांक 16.03.2026 को सायं 5:00 बजे तक** आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। अधिवक्ताओं हेतु पात्रता की शर्तें एवं अन्य विस्तृत विवरण मंडल की वेबसाइट **www.labour.mp.gov.in** पर 'Circular' सेक्शन में उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/124726/2026 — **सचिव**







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**